## <u>जनपद बाराबंकी</u>

**दिनांक-01.09.2023**

**थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा एक शातिर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटर साइकिलें बरामद-**

जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक-01.09.2023 को मैनुअल इंटेलीजेंस के आधार पर थाना मसौली पुलिस टीम द्वारा 01 शातिर अभियुक्त अनुज कुमार यादव पुत्र मुरलीधर यादव निवासी अशोकपुर भाल थाना रामनगर जनपद बाराबंकी को हबीबपुर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे से चोरी की 02 अदद मोटर साइकिल बरामद किया गया। उक्त के सम्बन्ध में थाना मसौली पर मु0अ0सं0 255/2023 धारा 41/411 भादवि पंजीकृत किया गया ।

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बरामद मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 32 एलसी 7432 को लखनऊ तहसील के पास से चोरी करना एवं मोटर साइकिल नम्बर यूपी 41 यू 9398 को यूनियन बैंक शहाबपुर, थाना मसौली से चोरी करना स्वीकार किया गया जिसके सम्बन्ध में थाना मसौली पर पर मु0अ0सं0 240/2023 धारा 379 भादवि पंजीकृत है।

**<u>नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त-</u>**

अनुज कुमार यादव पुत्र मुरलीधर यादव निवासी अशोकपुर भाल थाना रामनगर जनपद बाराबंकी

**<u>बरामदगी-</u>**

1. मोटरसाइकिल नम्बर यूपी 32 एलसी 7432
2. मोटर साइकिल नम्बर यूपी 41 यू 9398

**<u>अनावरित अभियोग-</u>**

मु0अ0सं0 240/2023 धारा 379 भादवि थाना मसौली जनपद बाराबंकी

**<u>पुलिस टीम-</u>**

1. थानाध्यक्ष श्री अभिषेक तिवारी थाना मसौली जनपद बाराबंकी
2. उ0नि0 श्री रणजीत सिंह यादव, उ0नि0 नरेन्द्र कुमार द्विवेदी थाना मसौली जनपद बाराबंकी
3. हे0का0 प्रशान्त त्रिपाठी, का0 आकाश थाना मसौली जनपद बाराबंकी
4. का0 अंकुर कुमार, का0 शिवकान्त थाना मसौली जनपद बाराबंकी